वर्ष 4 अंक 153
पृष्ठ 20
हल्द्वानी, सोमवार
28 दिसंबर 2015
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

भारत-चीन सीमा के 40 गांव जगमगाएंगे

हल्द्वानी में आइटीबीपी के जवानों को सोलर लालटेन सौंपते डीआइजी पीएस सैलाल।

◆ धारचूला के उच्च हिमालय में बसे गांवों को रोशन करने की तैयारी

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : भारत-चीन सीमा पर बसे उच्च हिमालय के 40 भारतीय गांवों को रोशन करने की कसरत शुरू हो गई है। पिथौरागढ़ जिले की धारचूला तहसील में आने वाले इन गांवों को दूधिया रोशनी से जगमग करने के लिए आइटीबीपी ने बीड़ा उठाया है और मदद कर रही है स्केल (सोसायटी टू क्रिएट अवेयरनेस टूवड्र्स लाइफ एंड एनवायरमेंट) संस्था।

रविवार को हल्द्वानी में आइटीबीपी 36वीं बटालियन लोहाघाट के कमांडेंट आनंद सिंह को संस्था की ओर से 300 सोलर लालटेन, सात मोबाइल चार्जिंग स्टेशन व 10 होम लाइट दिए गए। पीलीकोठी स्थित संस्था कार्यालय में कमांडेंट के साथ आए ■शेष पृष्ठ 19 पर

भारत-चीन ... जवानों को सोलर लालटेन के उपयोग व रखरखाव की जानकारी दी गई ताकि गांव के लोग इन्हें सुरक्षित रख सकें। मुख्य अतिथि डीआइजी पुष्कर सिंह सैलाल ने कहा कि उच्च हिमालय के गांवों तक आज भी बिजली नहीं पहुंची है। ऐसे में यह सामाजिक प्रयास सराहनीय है। जिन गांवों में सोलर लालटेन पहुंचने हैं वहां पहुंचना आसान नहीं है। ये गांव मुख्य मार्ग से काफी दूर है और रास्ता भी पैदल। ऐसे में इन गांवों तक पहुंचने में दो से तीन दिन का वक्त लग जाता है। संस्था के सचिव अरुण सिन्हा ने आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्धता जताई **इन गांवों तक पहुंचेगी रोशनी:** गौ, सीपू, मार्छा, तिदांग, बौन, सौन, दुग्तू, दांतू, खेत, गर्गुवा, खेला, न्यू सोबला, सजुवा, तेजम, दर, बोंगलिंग, उर्थिंग, सेला, चल, नांगलिंग, पांगू, रोंगती, छलमा छिलासू, हिमखोला, सोसा, पस्ती, जमकोट, सिर्दांग, सिर्खा, तांकुल, गाला, जिप्ती आदि। ये गांव आइटीबीपी के बेस कैंपों के आसपास बसे हैं।